प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनांक 14.04.2024**

अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

आज दिनांक 14 अप्रैल 2024 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के द्वारा अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ शहीदों अग्निशमन के वीरों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

ज्ञातव्य है कि अग्निशमन दिवस अथवा अग्निशमन सेवा दिवस प्रत्येक 14 अप्रैल को मनाया जाता है। 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के बंदरगाह में फोर्टस्टीकेन नामक मालवाहक जहाज जिसमें रूई की गांठे विस्फोटक पदार्थ व युद्ध उपकरण भरे हुए थे, अकस्मात आग लग गई आग बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण अग्निशमन कर्मी आग को बुझाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने व अग्नि से बचाव हेतु उपाय बताने के लिए देशभर में अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। पुलिस अधीक्षक महोदया के द्वारा अग्निशमन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के द्वारा सलामी लेकर फायर स्टेशन जनपद हमीरपुर का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर क्षेत्राधिकारी सदर क्षेत्राधिकारी यातायात CFO फायर सर्विसेज व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश फायर सर्विस
जनपद हमीरपुर